# आकाशवाणी गोरखपुर
# प्रादेशिक समाचार

दिनांक–16 जनवरी 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- मौनी अमावस्या पर प्रयागराज महाकुंभ में दस करोड़ श्रद्धालुओं के पहुंचने की सम्भावना। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समीक्षा बैठक में कहा– श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा के लिये युद्ध स्तर पर करें तैयारियां।
- प्रयागराज महाकुंभ में श्रद्धालुओं के आवागमन के लिये रेलवे ने किये विशेष प्रबंध। आज देश के अलग–अलग हिस्सों से चलायी जा रही तीस से अधिक महाकुंभ स्पेशल ट्रेनें।
- केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने किया काशी–तमिल संगमम के तीसरे संस्करण के पंजीकरण पोर्टल का शुभारम्भ। इस बार महाकुंभ का आनंद लेंगे संगमम के प्रतिभागी।
- अन्तर्राष्ट्रीय महिला क्रिकेट में भारतीय टीम ने रचा इतिहास। एक दिवसीय मुकाबले में आयरलैंड को तीन सौ चार रनों से हराया।
- पूरा प्रदेश भीषण शीतलहर और कोहरे की चपेट में। कई जिलों में कक्षा आठ तक के विद्यालय अट्ठारह जनवरी तक के लिये बन्द।

**********

प्रयागराज महाकुंभ में पौष पूर्णिमा और मकर संक्रांति के स्नान पर्व को सकुशल सम्पन्न कराने के बाद प्रदेश सरकार अब मौनी अमावस्या स्नान की तैयारियों में जुट गयी है। पौष पूर्णिमा और मकर संक्रांति पर स्नान में पांच करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने के बाद मौनी अमावस्या पर आठ से दस करोड़ श्रद्धालुओं के आने की सम्भावना जतायी जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसी के अनुरूप व्यापक तैयारियां करने के निर्देश दिये हैं। कल लखनऊ में महाकुंभ की व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वहां आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं होनी चाहिए। महाकुंभ को लेकर मुख्यमंत्री की समीक्षा बैठक पर एक रिपोर्ट–

***मुख्यमंत्री ने ~~आज~~ वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। श्री योगी ने रेलवे के साथ संवाद बनाकर महाकुम्भ स्पेशल ट्रेनों का समय से आवागमन सुनिश्चित कराने और मेला क्षेत्र में मोबाइल नेटवर्क को और बेहतर करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने बसों, शटल बसों और इलेक्ट्रिक बसों का संचालन लगातार कराने और मेला क्षेत्र में शौचालयों की नियमित सफाई, घाटों की बेरिकेटिंग और सभी सेक्टरों में 24 घंटे बिजली और पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा है। उधर, मेला प्रशासन की ओर से स्वच्छता अभियान चलाकर घाटों को तेजी से साफ किया जा रहा है। आकाशवाणी समाचार, कक्ष से तनवीर फातिमा।***

बैठक में मुख्यमंत्री ने मौनी अमावस्या को लेकर श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा और सहूलियत से जुड़ी तैयारियों को युद्धस्तर पर पूरा करने के निर्देश दिये।

**********

प्रयागराज महाकुंभ में नेत्रकुंभ का आयोजन भी चल रहा है। इसमें प्रतिदिन दस हजार लोगों के नेत्र परीक्षण की व्यवस्था की गयी है। नेत्र महाकुंभ में योगदान देने के लिये देश के कई हिस्सों से विशेषज्ञ चिकित्सक यहां आ रहे हैं। नेत्रकुंभ के आयोजन समिति के सदस्य डाक्टर रंजन वाजपेयी ने बताया–

***दो हजार पचीस के कुंभ में हम लोगों का जो लक्ष्य है वो पांच लाख श्रद्धालुओं का नेत्र परिक्षण करने का लक्ष्य है और जिस तरीके से कैलकुलेटिव है कि उसमें से सिक्सटी परसेंट लोगों को चश्में की आशंका भी रहती है।***

वर्ष दो हजार उन्नीस के कुंभ मेले में नेत्रकुंभ ने लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में स्थान बनाया था और इस वर्ष का लक्ष्य गिनिज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराना है।

**********

प्रयागराज महाकुंभ में आज से आस्था के साथ ही संस्कृति के महाकुंभ का भी शुभारंभ होगा। इस विशेष आयोजन में देश के नामचीन कलाकार मेला क्षेत्र में बने पंडालों में प्रस्तुतियां देंगे। एक रिपोर्ट......

***सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में मुख्य मंच गंगा पंडाल का होगा, जिसमें ~~कल~~ बॉलीवुड गायक शंकर महादेवन के सुरों की गंगा में श्रोता आनंद की डुबकी लगाएंगे। वहीं यमुना पंडाल में काशी के संस्कृत विद्यालय के विद्यार्थी मंगला चरण की प्रस्तुति करेंगे। सरस्वती पंडाल में दर्शक नौटंकी विधा रूबरू होंगे। प्रवीण मिश्र, आकाशवाणी समाचार, प्रयागराज।***

महाकुंभ मेला क्षेत्र के सेक्टर एक स्थित परेड ग्राउंड में बने गंगा पंडाल में दस हज़ार दर्शकों के बैठने की क्षमता है।

**********

महाकुंभ में शामिल होने के लिए देश और दुनिया से लाखों श्रद्धालु लगातार प्रयागराज पहुंच रहे हैं। देश के अलग–अलग हिस्सों से श्रद्धालुओं के आवागमन के लिये रेलवे की तरफ से बड़ी संख्या में महाकुंभ स्पेशल ट्रेनें चलायी जा रही है। आज अलग–अलग

स्टेशनों से प्रयागराज के लिये रेलवे की तरफ से तीस से अधिक महाकुंभ स्पेशल ट्रेनों का संचलन किया जा रहा है। उधर, यात्रियों की सुरक्षा के मद्देनजर रेलवे ने प्रयागराज जंक्शन पर एक विशेष कंट्रोल रूम भी स्थापित किया है। इसकी मदद से भीड़ नियंत्रण और भक्तों को सुरक्षित और सुगम यात्रा का अनुभव दिया जा रहा है।

**********

आस्था और आध्यात्म का समागम प्रयागराज महाकुंभ पूरी दुनिया का ध्यान आकर्षित कर रहा है। इसी क्रम में आज दस देशों का इक्कीस सदस्यीय दल संगम में पवित्र डुबकी लगाएगा। हमारे प्रतिनिधि की रिपोर्ट.....

***विदेश मंत्रालय, भारत सरकार के एक्सटर्नल पब्लिसिटी एंड पब्लिक डिप्लोमेसी डिवीजन के आमंत्रण पर आये दल में फिजी, फिनलैंड, गयाना, मलेशिया, मॉरीशस, सिंगापुर, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका, त्रिनिदाद एंडटोबैगो और संयुक्त अरब अमीरात के प्रतिनिधि शामिल हैं। कल प्रयागराज पहुंचे इस दल ने महाकुंभ मेला क्षेत्र में हेरिटेज वॉक की और प्रयागराज की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर का अनुभव किया। आज त्रिवेणी में पवित्र डुबकी लगाने के बाद यह पर्यटक दल हेलीकॉप्टर से महाकुंभ क्षेत्र का हवाई दौरा करेगा। –प्रवीण मिश्र, आकाशवाणी समाचार, प्रयागराज।***

दस देशों से आये इस दल के आवास की व्यवस्था अरैल क्षेत्र स्थित टेंट सिटी में की गयी है।

**********

केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कल नई दिल्ली में काशी तमिल संगमम के तीसरे चरण के लिये पंजीकरण पोर्टल का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस वर्ष काशी तमिल संगमम पन्द्रह फरवरी से चौबीस फरवरी तक वाराणसी में मनाया जाएगा। श्री प्रधान ने कहा कि यह पहली बार होगा जब काशी तमिल संगमम के प्रतिभागी महाकुंभ का आनन्द लेंगे और अयोध्या में राम मंदिर का दौरा करेंगे।

***इस बार काशी तमिल संगमम कुंभ के अंदर होगा। एक रात कुंभ में भी प्रतिनिधि रहने वाले हैं और अयोध्या का विशेषता इस बार यह बढ़ जाती है महाप्रभु श्री राम जी की जन्म स्थान में भव्य मंदिर और प्राण प्रतिष्ठा के उपरांत यह पहला काशी तमिल संगमम होगा।***

श्री प्रधान ने कहा कि काशी–तमिल संगमम में एक हजार दो सौ प्रतिनिधि, शिल्पकार और नव प्रवर्तक शामिल होंगे। इसके तहत सभी केंद्रीय विश्वविद्यालयों के दो सौ तमिल विद्यार्थियों का एक समूह वाराणसी, प्रयागराज और अयोध्या की यात्रा करेगा।

**********

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने कल गुजरात के राजकोट में आयरलैंड को तीन सौ चार रन से हरा कर एक दिवसीय क्रिकेट के इतिहास में अपनी सबसे बड़ी जीत दर्ज की। भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर चार सौ पैंतीस रन बनाये। यह भारत की तरफ से पुरूष और महिला दोनों टीमों के लिये अब तक का सर्वोच्च स्कोर है। भारत से मिले लक्ष्य का पीछा करते हुए आयरलैंड की टीम एक सौ इकतीस रन ही बना सकी। भारतीय टीम के लिये कप्तान स्मृति मंधाना ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए एक सौ पैंतीस रन बनाये।

**********

पूरा प्रदेश इन दिनों भीषण शीतलहर और कोहरे की चपेट में है। इसके चलते ट्रेनों के संचलन पर भी खासा असर पड़ा है और लम्बी दूरी की अधिकांश ट्रेनें पांच से सात घंटे की देरी से चल रही हैं। भीषण ठंड और कोहरे को देखते हुए गोरखपुर, वाराणसी, सुल्तानपुर, अम्बेडकरनगर में कक्षा आठ तक के स्कूल अट्ठारह जनवरी तक और पीलीभीत तथा मैनपुरी में कल तक के लिये बन्द कर दिये गये हैं। मौसम विभाग ने आज और कल के लिये प्रदेश के पश्चिमी और पूर्वी हिस्से में घने कोहरे का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। साथ ही है कई ज़िलों में बारिश का अनुमान भी जताया है।

**********

प्रदेश में मदरसा शिक्षा परिषद की मुंशी, मौलवी और आलिम की परीक्षाओं के ऑनलाइन आवेदन फार्म अब अट्ठारह जनवरी तक भरे जा सकेंगे। इसे लेकर मदरसा बोर्ड ने अन्तिम तिथि को तीसरी बार बढ़ा दियाा है।

**********